कार्यालय, प्राचार्य ,पी0एन0जी0राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय , रामनगर (नैनीताल)।

विज्ञप्ति संख्या 02 / प्रवेश–पाठ्यकम / 2022–23 दिनांक 09–06–2022

विज्ञप्ति सूचना

छात्रों के प्रवेश के लिए सत्र 2022–23 हेतु एकीकृत ऑनलाईन सॉफ्टवेयर तैयार किये जाने हेतु पंजीकृत डाक द्वारा दिनांकः 19–06–2022 तक कोटेशन आमंत्रित की जाती हैं। जिसमें शुल्क जमा करने, परिचय पत्र, टी0सी0 / सी0सी0, बोनाफाईड प्रमाण जारी करने की व्यवस्था सम्मिलित होगी। साफ्टवेयर दिनांक 04 जुलाई,2022 तक निर्मित कर महाविद्यालय के कम्प्यूटरों में संचालित किया जाना है जिससे प्रवेश प्रकिया ऑनलाईन रूप से संचालित की जा सके । इस महाविद्यालय में वर्तमान में 5000 से अधिक छात्र अध्ययनरत हैं। अधिक जानकारी महाविद्यालय की बेबसाईट www.gpgcramnagar.org के टेण्डर सैक्शन से प्राप्त की जा सकती है ।

(प्रो0 एम0सी0 पाण्डे)
प्राचार्य
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
रामनगर (नैनीताल)

पृ0सं0 254/ विज्ञप्ति / प्रवे0पाठ0 / 2022–23 तद्दिनांक
प्रतिलिपि :– निम्नांकित दैनिक समाचार प्रकाशकों को उक्त विज्ञप्ति अपने समाचार पत्रों में न्यूनतम सरकारी दरों में प्रकाशित करने का कष्ट करें ।

1– प्रकाशक, अमर उजाला, समाचार पत्र , रामनगर ।
2– प्रकाशक, हिन्दुस्तान समाचार पत्र ,रामनगर ।

(डॉ0 एम0सी0 पाण्डे)
प्राचार्य
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
रामनगर (नैनीताल)

पी0एन0जी0 राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर (नैनीताल)

दिनाँक : 09 / 06 / 2022

सत्र 2022–23 में महाविद्यालय में एकीकृत ऑनलाइन सॉफ्टवेयर तैयार करने के लिए कोटेशन रजिस्टर्ड डाक / स्पीडपोस्ट से आमन्त्रित की जाती है।

क्रम सं0	विवरण	दिनाँक
1	कोटेशन संख्या	विज्ञप्ति संख्या 02 / प्रवेश–पाठ्यक्रम / 2022–23 दिनाँक 09–06–2022
2	कोटेशन जारी करने की तिथि	09–06–2022
3	वेबसाइट में जारी करने की तिथि	10–06–2022
4	कोटेशन जमा करने की अंतिम तिथि	19–06–2022 समय – 5:00 PM
5	सॉफ्टवेयर के प्रदर्शन (Demo) की तिथि	20–06–2022 प्रातः 10:30 से 2:20 तक
6	कोटेशन खोलने की तिथि	20–06–2022 समय – 3:30 PM
7	कोटेशन खोलने का स्थान	कुलानुशासक कक्ष, प्राचार्य पी0एन0जी0 राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर (नैनीताल)
8	कोटेशन आदेश निर्गमित करने की तिथि	21–06–2022 प्रातः 10:00 बजे
9	एकीकृत ऑनलाइन सॉफ्टवेयर तैयार कर महाविद्यालय को उपलब्ध कराने की तिथि	04–07–2022 सांय 4:00 बजे तक
10	एकीकृत ऑनलाइन सॉफ्टवेयर पर प्रशिक्षण	एक माह के लिए ऑनलाइन या ऑफलाइन

विज्ञप्ति संख्याः **02 / प्रवेश–पाठ्यक्रम / 2022–23 दिनाँक 09–06–2022** द्वारा विज्ञापित एकीकृत ऑनलाइन सॉफ्टवेयर हेतु पंजीकृत फर्मों से निम्नांकित कार्यो को सम्पन्न करने में सक्षम होना चाहिए–

1. विश्वविद्यालय से प्राप्त आँकड़ों के आधार पर स्वतः वरीयता सूची निर्माण ।
2. वरीयता सूची में स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को एस0एम0एस0 के माध्यम से सूचित करना।
3. वरीयता सूची में स्थान प्राप्त विद्यार्थी के प्रमाणपत्र अपलोड कराने की सुविधा देना।
4. एडमिन आई0डी0 के अतिरिक्त महाविद्यालय के अन्य विभागों को एकीकृत ऑनलाइन सॉफ्टवेयर एक्सेस करने की सुविधा उपलब्ध करना।
5. प्रवेश शुल्क का ऑनलाइन पेमेन्ट गेटवे के माध्यम से भुगतान।
6. प्रवेशित विद्यार्थी के लिए एक यूनिक आई0डी0 का निर्माण।
7. प्रवेश शुल्क के भुगतान के पश्चात प्रतिदिन जमा की गयी फीस एवं कुल जमा की गयी फीस का विस्तृत विवरण तैयार करना एवं एक्सेल फाइल में डाउनलोड की सुविधा।
8. विद्यार्थियों के क्यू0आर0 कोड सहित परिचय पत्र का निर्माण एवं डाउनलोड की सुविधा।
9. विभिन्न प्रमाणपत्रों जैसे– स्थानान्तरण प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, बोनाफाइड प्रमाण पत्र, अदेय प्रमाण पत्र का निर्धारित प्रक्रिया पूर्ण करने के पश्चात स्वतः निर्माण एवं डाउनलोड करने की सुविधा।

10. सत्रांत में विषयवार छात्र संख्या, जातिवार, विभागवार छात्र संख्या एवं छात्र पंजिका का निर्माण एवं एक्सेल शीट में डाउनलोड करने की सुविधा।

शर्तें:

1. कोटेशन, प्राचार्य, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामनगर (नैनीताल) के नाम से भेजी जाए **जो दिनांकः 19–06–2022 के अपराह्न 03 बजे तक पंजीकृत/स्पीड डाक द्वारा ही स्वीकार की जायेंगी।** उपरोक्त तिथि के बाद पहुँचने वाली निविदाएं स्वीकार नहीं की जायेंगी। लिफाफे के ऊपर मोटे अक्षरों में **"सॉफ्टवेयर" के लिए कोटेशन** स्पष्ट रूप से लिखा होना चाहिए।
2. एकीकृत ऑनलाइन सॉफ्टवेयर की लागत को समस्त करों के साथ सम्मिलित करते हुए प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
3. एकीकृत ऑनलाइन सॉफ्टवेयर की वार्षिक अनुरक्षण लागत को अलग से दर्शाया जाना अनिवार्य है।
4. कोटेशनों को खोलने से पूर्व समिति के सम्मुख ऑनलाईन अथवा ऑफलाईन मोड के माध्यम से सॉफ्टवेयर का डेमो देना अनिवार्य होगा।
5. एकीकृत ऑनलाइन सॉफ्टवेयर को आपरेट करने का प्रशिक्षण स्वयं प्रस्तुत होकर देना होगा।
6. एकीकृत ऑनलाइन सॉफ्टवेयर में किसी भी प्रकार के परिवर्तन को माँग के 24 घण्टे के अन्दर संशोधित करना होगा।
7. कोटेशन के साथ साथ **विधिमान्य पंजीकृत फर्म संबंधी प्रमाण पत्र की छायाप्रति** संलग्न करनी अनिवार्य होगी, अन्यथा कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा।
8. प्राचार्य को यह अधिकार होगा कि वह किसी एक अथवा समस्त कोटेशनों को बिना कारण बताये निरस्त कर दे।

संयोजक
एकीकृत ऑनलाइन सॉफ्टवेयर

प्राचार्य
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
रामनगर (नैनीताल)

प्राचार्य
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
रामनगर (नैनीताल)